हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 22 अगस्त 2025
भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



**खबर संक्षेप**

## पीएमश्री सेजेस की संगीता बनीं प्राचार्य, डडसेना हटे



**केशकाल।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा सेजेस केशकाल के प्रभारी प्राचार्य मनोज कुमार डडसेना को कार्य में लापरवाही बरतने पर पद से हटाया गया है। उनके स्थान पर वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती संगीता भास्कर को प्रभारी प्राचार्य बनाया गया है। जारी आदेश के अनुसार मनोज कुमार डडसेना प्रभारी प्राचार्य सेजेस केशकाल के द्वारा अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही किये जाने से विद्यालय संचालन में व्यवधान उत्पन्न हो रहा था। उक्त कृत्य को देखते हुए मनोज कुमार डडसेना को प्रभारी प्राचार्य से पृथक करते हुए शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केशकाल की वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती संगीता भास्कर को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय केशकाल को प्रभारी प्राचार्य का दायित्व सौंपा गया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी सीएल मंडावी व पूर्व बीआर पी बलराम नाग ने विद्यालय पहुंच कर संगीता भास्कर वरिष्ठ व्याख्याता को प्रभारी प्राचार्य का दायित्व दिलाया।

## माजदा की टक्कर से बाइक सवार स्कूल का बाबू गंभीर



**फरसगांव।** रांधना रोड में स्थित पासंगी पुल के पास गुरुवार को शाम करीब 6:30 बजे बाइक सवार ग्राम बानगांव निवासी हीरासिंग मरकाम पिता स्व अंधारु मरकाम को सामने से आ रही माजदा वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार हीरासिंग गंभीर रूप से घायल हो गया । जिसे उपचार हेतु तत्काल फरसगांव अस्पताल लाया गया। हीरासिंग मरकाम का पैर और हाथ और कंधा टूट गया है। सर में भी चोट आई है। जिसको प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु जगदलपुर अस्पताल रिफर किया गया है। बाइक को टक्कर मारने के बाद माजदा वाहन खेत में पलट गई। । बताया जा रहा है माजदा वाहन में ग्राम जंगदई से नीलगिरी लकड़ी भरकर जुगानी ले जा रहे थे । घायल हीरासिंग ग्राम कुम्हारबढ़गांव के पूर्व माध्यमिक स्कूल में सहायक ग्रेड -3 (बाबू) के पद पर पदस्थ है , जो स्कूल से घर जा रहे थे तभी माजदा ने टक्कर मार दी ।

## विद्यार्थियों को गुणवत्ता शिक्षा दें: नुपूर राशि

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने आज शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय का निरीक्षण किया एवं महाविद्यालय की औपचारिक बैठक में सम्मिलित हुईं। बैठक में वर्तमान शैक्षणिक सत्र की प्रवेश प्रक्रिया, महाविद्यालय भवन की स्थिति और उपलब्ध संसाधनों एवं आवश्यकतों पर विस्तृत चर्चा हुई। कलेक्टर ने महाविद्यालय के सुचारू संचालन और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान महाविद्यालय के लिए फर्नीचर, सीसीटीवी एवं अन्य शैक्षणिक सामग्रियों की खरीदी तथा मरम्मत कार्य के लिए प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न कक्षों का अवलोकन कर आवश्यक सुधार कार्यों के निर्देश दिए। साथ ही भवन की मरम्मत और बॉटनिकल गार्डन को सुव्यवस्थित कराने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम, शशिभूषण कन्नौजे सहित सभी प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

## स्वयंसेवी महिला नगर सैनिकों का भर्ती परिणाम जारी

**कोण्डागांव।** बस्तर संभाग के जिला कोण्डागांव में बालिका आश्रम एवं छात्रवासों में रह रहीं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए 100 स्वयंसेवी महिला नगर सैनिक पदों के भर्ती की कार्यवाही पूर्ण कर चयन सूची विभागीय वेबसाईट में अपलोड किया गया है। छात्रावास ड्यूटी के लिए महिला नगर सैनिकों का भर्ती परीक्षा परिणाम का अभ्यर्थियों द्वारा वेबसाइट पर अवलोकन किया जा सकता है।

# पुलिस ने स्कूल व बैंक में चलाया साइबर जागरुकता अभियान

**ऑनलाइन ठगी व साइबर अपराधों से बचाव की दी गई महत्वपूर्ण जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारतीय स्टेट बैंक शाखा कोंडागांव और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडेडोंगर में 20 अगस्त को साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा साइबर जागरूकता को लेकर जारी एसओपी के पालन में पुलिस अधीक्षक कोंडागांव वाय. अक्षय कुमार के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव के पर्यवेक्षण में जिलेभर में साइबर सुरक्षा कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

अलग खबर





***नागरिकों ने सराहा पुलिस का प्रयास***

*कार्यक्रम से उपस्थित लोगों में साइबर अपराधों के प्रति गहरी जागरुकता आई। नागरिकों और विद्यार्थियों ने कहा कि ऐसे आयोजन उन्हें भविष्य में ऑनलाइन खतरों से सुरक्षित रहने की प्रेरणा देंगे।*

निरीक्षक सौरभ उपाध्याय ने स्कूली बच्चों, बैंक ग्राहकों व कर्मचारियों को ऑनलाइन बुलिंग, फिशिंग और ओटीपी धोखाधड़ी जैसे मामलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर पीड़ित तुरंत पोर्टल या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करें, साथ ही नज़दीकी थाना या साइबर सेल में भी रिपोर्ट करें। बैंक में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों, ग्राहकों तथा विद्यालय के बच्चों को इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई। बच्चों को विशेष रूप से समझाया गया कि अपने बैंक खाते और एटीएम पिन की जानकारी किसी से साझा न करें।

**समीक्षा : साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक संपन्न, पीएम आवास को समयसीमा में पूर्ण करें**

# रजत जयंती के लिए विभिन्न गतिविधियों के आयोजन को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय–सीमा बैठक ली। बैठक में उन्होंने शासन के निर्देशानुसार रजत जयंती वर्ष अंतर्गत जिले में विभिन्न गतिविधियों के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने दायित्वों का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन के लिए निर्देशित किया। राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2025–26 को छत्तीसगढ़ राज्य गठन के रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर रजत जयंती महोत्सव का शुभारंभ 15 अगस्त 2025 से हुई है।6 फरवरी 2026 तक विभागवार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के स्वीकृत कार्यों के साप्ताहिक प्रगति की जनपदवार समीक्षा की। योजनान्तर्गत माओवाद पीड़ित एवं आत्मसमर्पित व्यक्तियों के लिए स्वीकृत आवास निर्माण के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराने के निर्देश संबंधित जनपद सीईओ को दिए। बैठक में कलेक्टर ने केशकाल बायपास एवं रावघाट जगदलपुर रेलवे लाइन परियोजना अंतर्गत भू अर्जन एवं अन्य प्रकरणों के शीघ्र निपटारा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया, जिससे निर्माण कार्य शीघ्र शुरू हो सके। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### किसानों का शत प्रतिशत कराएं पंजीयन

कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की भी विस्तृत समीक्षा की और सभी एसडीएम तथा तहसीलदारों को समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। जिले में खरीफ विपणन वर्ष में धान बेचने वाले किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कार्य और फार्मर आईडी निर्माण कार्य के प्रगति की जानकारी लेते हुए शत प्रतिशत किसानों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रम विभाग से जिले में श्रमिक पंजीयन की जानकारी लेते हुए कहा कि श्रम विभाग की श्रमिक परिवारों के बच्चों लिए संचालित छात्रवृत्ति योजना का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को पहुंचाएं। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि गर्भवति महिलाओं में हाई रिस्क मरीजों की सतत निगरानी रखें। उनके इलाज में लापरवाही न हो यह सुनिश्चित करें। उन्होंने मलेरिया से बचाव एवं रोकथाम के लिए नियमित जांच एवं आवश्यक दवाई उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी की सदस्या बढ़ाने एवं आयुष्मान कार्ड में भी प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल प्रमाणीकरण कार्य, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पंजीयन कार्य, प्रधानमंत्री मातृत्व योजना सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई।

## दहिकोंगा में जमीन विवाद में हत्या की साजिश, दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस ने जमीन विवाद में हत्या की साजिश रचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने वकील कंवल सिंह बघेल की हत्या कराने के लिए 60 हजार रुपए की सुपारी दी थी।

राजकुमार बघेल का अपने चचेरे भाई कंवल सिंह बघेल पेशा वकील से वर्ष 2021 से जमीन संबंधी विवाद चल रहा था, जो न्यायालय में विचाराधीन है। इसी रंजिश में उसने मजहर अली खान को 60 हजार रुपये देकर हत्या की साजिश रची। 20 अगस्त को चोरी मामले में पूछताछ के दौरान पुलिस ने मजहर अली खान का मोबाइल चेक किया। जिसमें राजकुमार बघेल के साथ हत्या की साजिश से संबंधित चैटिंग मिली। पूछताछ पर आरोपियों ने साजिश की बात कबूल की। थाना कोण्डागांव में अपराध क्रमांक 284/2025 धारा 61(2), 55 बीएनएस. के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

**गिरफ्तार आरोपी** – मो. मजहर अली खान पिता मो. खलील, उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम दहिकोंगा, स्थायी पता केलाबाड़ी दुर्ग। राजकुमार बघेल पिता दासु राम बघेल, उम्र 41 वर्ष, निवासी ग्राम दहिकोंगा। गिरफ्तार आरोपी मजहर अली खान पहले भी जिला दुर्ग और थाना कोतवाली कोण्डागांव के कई मामलों में जेल जा चुका है।

**कार्रवाई में इनकी रही अहम भूमिका** – पूरे मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक टामेश्वर चौहान, सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय सहित पुलिस टीम के राजकुमार कोमरा, रोहित कोमरा, अजय बघेल, ऋतुराज सिंह, चंदन यादव व अनिल चौरे का विशेष योगदान रहा।



## कलेक्टर ने निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर यूनिट भवन का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने आज जिला चिकित्सालय के पीछे निर्माणाधीन सीसीएचबी भवन का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भवन के शेष कार्यों को गुणवत्ता के साथ 6 माह में पूरा कराने के लिए सीजीएमएससी के अधिकारियों एवं संबंधित ठेकेदारों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माणाधीन भवन में चिकित्सकों के साथ उनकी आवश्यकता के अनुसार लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर सहित अन्य कक्ष को देखा और सुव्यवस्थित ढंग से निर्माण कार्य के निर्देश देते हुए आवश्यकतानुसार कुछ कक्षों में सुधार कार्य करने को कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, सीएमएचओ डॉ. आर.के. चतुर्वेदी और सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रेम मंडावी, चिकित्सकगण एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पैदल चल रहे बुजुर्ग को बाइक ने मारी टक्कर, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर के बीआरसी कार्यालय के सामने गुरुवार की शाम करीब 5.30 बजे बाइक सवार युवक ग्राम कन्हारगांव निवासी नारायण नाग पिता निर्मल नाग ने पैदल चल रहे नगर के 60 वर्षीय बुजुर्ग हरिराम भंसारे पिता स्व. दौलत राम को टक्कर मार दी। सवार भी बाइक से गिरकर घायल हो गया। दोनों घायलों को तत्काल उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया। बुजुर्ग हरिराम का एक पैर और एक हाथ टूट गया और सर में भी गंभीर चोट आई है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए धमतरी अस्पताल रेफर किया जाएगा । बाइक सवार युवक जनपद सदस्य निर्मल नाग का बेटा है । हादसे की जानकारी लगते ही पर एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना। वहीं हादसे की खबर लगते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि भी फरसगांव अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की।



## पोस्ट मैट्रिक छात्रावास भवन निर्माण और सीट वृद्धि की मांग को लेकर निकाली रैली

**नारायणपुर।** पोस्ट मैट्रिक छात्रावास भवन निर्माण एवं सीट वृद्धि की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना एवं रैली का आयोजन किया गया। रैली के उपरांत छात्रों ने कलेक्टर कार्यालय पहुँचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। विदित हो कि साल 2007 में नारायणपुर जिला गठन के बाद भी अब तक मात्र 50 सीट वाला छात्रावास संचालित है, जिसमें स्कूल और कॉलेज दोनों के छात्र-छात्राएँ रहकर पढ़ाई करते हैं। सीमित सीटों के कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थी आवास सुविधा से वंचित रहते हैं।। नतीजतन नारायणपुर के कई मेधावी छात्र-छात्राएँ छात्रावास से वंचित होकर पढ़ाई छोड़ देते हैं या मजबूरीवश मजदूरी करने बाहर चले जाते हैं। छात्र-छात्राएँ हाथों में अपना अधिकार मांगते लिखे कार्ड लेकर घंटों तक धरना पर बैठे रहे और अपनी मांगों को बुलंद आवाज़ में नारे बाजी करते दिखे। इस अवसर पर जितने भी छात्र-छात्राएँ आवासीय सुविधा से वंचित हैं, वे सभी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

धरने में एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विजय सलाम ने कहा कि बस्तर संभाग से स्थानीय विधायक ही प्रदेश सरकार में एकमात्र मंत्री हैं, फिर भी नारायणपुर के युवाओं की इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिले की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि ग्रामीण परिवार अपने बच्चों को किराए के मकान में रखकर पढ़ा सकें। नतीजतन बच्चे पढ़ाई छोड़ने और गलत रास्ता चुनने पर मजबूर हो जाते हैं। यदि 200 सीटों का छात्रावास तत्काल बनाया जाता है तो नारायणपुर में शिक्षा का नया आलोक जगेगा और हजारों छात्रों का भविष्य संवरेगा। कार्यक्रम में उपस्थित उमेश कर्मा ने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार ने ग्रामीण अंचल के बच्चों की पढ़ाई को देखते हुए छोटेडोंगर कॉलेज खोला गया था, ताकि शिक्षा का स्तर सुधरे। लेकिन आज तक आवासीय सुविधा उपलब्ध न होने के कारण वहाँ छात्र पढ़ाई करने नहीं जाते और वह कॉलेज लगभग बंद होने की स्थिति में पहुँच गया है। यदि हॉस्टल की व्यवस्था होती तो यह कॉलेज भी सक्रिय रहता और स्थानीय युवाओं को शिक्षा के बेहतर अवसर मिलते।

**कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा गया**




**पेज 11 के शेष**


### भैसाकान्हार हाईस्कूल...

है। मजबूरन निर्माण कराया जा रहा है। ठेकेदार को सामग्री उपलब्ध कराई जाती है और तकनीकी अवलोकन आरईएस के अधिकारी व इंजीनियर कर रहे हैं। भवन का निर्माण गुणवत्तापूर्ण ही किया जा रहा है। हालांकि प्राचार्य के दावों और जमीनी हकीकत में फर्क साफ दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि जहां स्कूल पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं और वहां नए भवनों की सबसे अधिक आवश्यकता है, वहां स्वीकृति नहीं मिल रही है। भैसाकान्हार जैसे स्थानों पर जहां अतिरिक्त भवन की आवश्यकता ही नहीं है, वहां स्वीकृति दी जा रही है।

### दुर्गूकोंदल की जनपद...

बढ़ाई, उपाध्यक्ष आनंद तेता, जनपद सदस्य पीलम नरेटी, सविता उईके, धनसाय हुर्रा, सुलोचना कोरेटी, सुशीला गावड़े, राजू नायक, हेमलता ऊईके, निर्मला कोवाची, अमृत कोटिंगला, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर, महिला बाल विकास विभाग अधिकारी आर वटटी, खंड चिकित्सा अधिकारी मनोज किशोरे, पशु चिकित्सा अधिकारी राहुल ठाकुर, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी निरंजन नरेटी, पंचायत इंस्पेक्टर आरकिशोरे, बीआरसी लतीफ सोम, उधायन अधीक्षक संदीप सोरी, खाद्य विभाग, जल संसाधन एवं सभी विभाग अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बेटी बचाओ, बेटी...

किया। इसी तरह वाद-विवाद प्रतियोगिता में सेन्हा बड़ई ने प्रथम और सत्यम सूर्यवंशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विजयी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशिष्ट अतिथि शाला प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष गोपाल ब्रह्मचारी के हाथों पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पुष्पा लता नायक पर्यवेक्षक, नताशा तालुकदर, बितिका मंडल, जानवी साहा, प्रिया सरकार, जानकी उसेण्डी, सुमित्रा, दुलेश्वरी, कृतिका, कल्पना नेगी, डुलेश्वरी, श्यामल कुमार देवनाथ, कंचन धनगर, निर्मल गईन, विप्लब दे, तनुज चंद और मनोज मण्डल सहित सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।

### दो चचेरे भाइयों...

की चाबी को ट्रक के बाक्स में रखकर अपने हेल्पर के साथ शाम को 6 बजे हेल्पर ओम प्रकाश को साथ लेकर अपने घर खाना खाने गये थे। बारिश लगातार होने से रात्रि घर में ही सो गए और 20 अगस्त की सुबह उठकर ट्रक के पास आया, वहाँ पर ट्रक नहीं था। ट्रक का खोजबीन किया और ट्रक मालिक को बताया। ट्रक नही मिलने पर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के निर्देशन, एएसपी दिनेश सिन्हा एवं एसडीओपी मोहिसन खान के मार्गदर्शन में ट्रक के बारे में पूछताछ शुरू किया गया। कोरर पुलिस को जानकारी मिली कि ट्रक को ले जाने वाले कोहकामेटा, केशकाल में है। कोरर थाना प्रभारी जितेंद्र गुप्ता अपनी टीम लेकर केशकाल के कोहकामेटा पहुँचे, जहाँ पर ट्रक एक गली में फंस गया था। ट्रक गली में फंस जाने के चलते चोरों ने जिस ईरादे से ट्रक की चोरी किया था, उसमें कामयाब नहीं हो पाएं। ट्रक को चोरी करने वाले राकेश पटेल पिता जगनूराम पटेल उम्र 29 वर्ष, अनिल पटेल पिता भूषण पटेल उम्र 30 वर्ष और दुर्गा प्रसाद पिता चन्द्र कुमार गढिया उम्र 28 वर्ष सभी निवासी कोदागांव को दबोचा। थाना प्रभारी ने बताया कि राकेश और जगनूराम पहले भी अन्य किसी मामले में जेल जा चुके है। तीनों आरोपियों को धारा 303 (2) बीएनएस के मामले में 20 अगस्त को गिरफतार कर न्यायालय पेश किया, जिन्हें न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

### तीजा-पोरा की...

धन्य से परिपूर्ण रहने का आशीर्वाद मांग कर पोला का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन . किसान बैलों को नहलाकर, रंग लगाकर, मालाएँ पहनाकर सजाते हैं और उनकी पूजा करते हैं। घरों में ठेठरी, खुरमी जैसे पारंपरिक व्यंजन बनाए जाते हैं। यह त्योहार मुख्य रूप से छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और कर्नाटक के ग्रामीण इलाकों में भाद्रपद मास की अमावस्या को मनाया जाता है।

## बाइक ने बाइक को ठोंका पति-पत्नी हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर कांकेर में दूध नदी पुल के पास अज्ञात बाइक चालक ने 21 अगस्त को सायं साढ़े 5 बजे के आसपासस मोटर सायकल सवार दंपति को ठोकर मारकर भाग गया। बाइक में सवार दंपति जेल के पास लगे सब्जी दुकान में सब्जी लेकर जा रहे थे, तभी बीच रोड में सामने से आया आरोपी बाइक वाला दंपति को ठोकर मारकर भाग गया। दोनों पति पत्नी के पैर में लगा है, वहीं उसके पति के हाथ पैर दोनों में चोट लगा था। संजीवनी की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो आरोपी बाईक चालक बाईक को लापरवाही ढंग से चला रहा था।



## घेराव और संगठन विस्तार पर बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर और चित्रकूट विधानसभा की बैठक बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद के नेतृत्व में आयोजित किया गया । बैठक में बस्तर के कोने-कोने से पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे । नवनीत ने कहा कि बैठक में विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं के संबंध में विधायक कार्यालय के घेराव को लेकर रणनीति बनाई गई । वहीं संगठन के विस्तार व प्रत्येक ग्राम पंचायत में चौपाल लगाने, ग्राम पंचायत की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने जैसे कार्यों को करने का संकल्प लिया गया। बस्तर जिले सहित पूरे संभाग में युवा बेरोजगारों को स्थानीय स्तर पर रोजगार में आरक्षण एवं जिला बेरोजगार समिति गठित कर स्वरोजगार में प्राथमिकता दिए जाने के विषय पर चर्चा हुई। पूरे संभाग में शिक्षा की गुणवत्ता का परीक्षण एवं आवश्यक व्यवस्था को भी प्राथमिकता में किया गया।



12 घर की छत पर बिजली का उत्पादन पीएम सूर्यघर...



12 परलकोट जलाशय के ओवरफ्लो प्वाइंट ...



श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## खबर संक्षेप

### 112 ग्रामों में प्रथम चरण में होगा डीसीएस का कार्य



**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक डिजिटल क्रॉप सर्वे का सुचारू रूप से शुरुआत विकासखण्ड दुर्गुकोंदल में हो चुका है। तहसीलदार केतन भोयर ने बताया कि दुर्गुकोंदल तहसील के 141 ग्रामों में से 112 ग्रामों में प्रथम चरण में डीसीएस का कार्य किया जा रहा है। डीसीएस सर्वे करने के लिए अब तक कुल 109 सर्वेयर की नियुक्ति की गई है। सर्वे के अनुसार खरीफ फसल के अंतर्गत धान मक्का एवं अन्य फसलों का सर्वे कार्य किया जाना है। वर्तमान में 141 ग्रामों में से 112 गांव का चयन किया गया है।

## कार्रवाई : सीएमएचओ डा. आरसी ठाकुर ने तत्काल जांच दल गठित किया

# मेडिकल स्टोर संचालक ने लगाया इंजेक्शन व हुई मौत के मामले में दुकान सील, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

**खास बातें**

- केमिस्ट एंड ड्रग्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई
- दोषी पाया जाने पर लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी



खबर का असर



कापसी में बस्तर मेडिकल के संचालक द्वारा मरीज को इंजेक्शन लगाए जाने के बाद मौत का मामला सामने आया था। इस गंभीर विषय को हरिभूमि अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और सीएमएचओ डॉ. आरसी ठाकुर ने तत्काल संज्ञान लेकर जांच दल गठित किया।

जांच के दौरान जाँच दल के सामने मेडिकल संचालक जगदीश विश्वास ने मरीज को इंजेक्शन लगाने की बात कबूल किया, जो नर्सिंग एक्ट का स्पष्ट उल्लंघन सामने आया। मेडिकल संचालक के पास से मलेरिया व टायफाइड टेस्ट किट और कई इंजेक्शन भी बरामद हुए। चौंकाने वाली बात यह रही कि कार्यवाही की चेतावनी के बाद भी मेडिकल संचालक अपने मेडिकल में मरीजों का उपचार करता रहा और इंजेक्शन लगाने से भी परहेज नहीं कर रहा था। स्वास्थ्य विभाग ने जाँच के उपरांत तत्परता दिखाते हुए मेडिकल को सील कर दिया। इसके साथ ही ड्रग्स इंस्पेक्टर द्वारा केमिस्ट एंड ड्रग्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। तत्कालीन बीएमओ ने इस मामले में शिकायत को सही पाया था और उसके बाद एक माह लगभग मेडिकल स्टोर बंद भी रहा, परंतु तत्कालीन बीएमओ के द्वारा किसी भी तरह की कोई कार्यवाही नहीं किया गया था। स्थानीय ग्रामीण सौमित्र डे, संजय साहा, गौरव विश्वास, रोहित साहा ने कहा कि समाचार पत्र में इस विषय को उठाकर न सिर्फ बस्तर की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को उजागर किया बल्कि विभाग को हरकत में लाकर जनहित में बड़ा कदम भी उठवाया। मुख्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरसी ठाकुर ने स्पष्ट कहा है कि जाँच रिपोर्ट में यदि मेडिकल स्टोर संचालक दोषी पाया जाता है, तो उसका लाइसेंस रद्द करने की कार्यवाही की जाएगी। परलकोट क्षेत्र में नर्सिंग एक्ट का पाल नहीं करने वालों पर कार्यवाही कड़ी से कड़ी की जाएगी।

## अनियंत्रित बाइक दुर्घटनाग्रस्त दो युवक घायल, दो गंभीर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

दल्लीराजहरा से भानुप्रतापपुर मुख्य मार्ग पर भैसाकन्हार के पास मोटर सायकल 21 अगस्त को दोपहर को दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें मोटर सायकल में सवार दो युवक घायल हो गए। उसी दौरान उसी मार्ग से गुजर रहे एसडीओपी शेर बहादुर ठाकुर भानुप्रतापपुर ने घायलों को अपने वाहन से भानुप्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया। जानकारी के अनुसार मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एक्स 6428 में सवार होकर दो युवक रामदेव दरपट्टी पिता परशुराम दरपट्टी निवासी तुमरीसुर और तिलकराम तारम पिता आमेर राम तारम भानुप्रतााुर से दल्लीराजहरा की ओर जा रहे थे। मुख्य मार्ग पर 21 अगस्त की दोपहर 3 बजे के आसपास मोटर सायकल अनियंत्रित होकर दुर्घटना की शिकार हो गई। मोटर सायकल में सवार दोनो युवक घायल हो गए। उसी मार्ग से गुजर रहे एसडीओपी ने घायलों को अपने वाहन से भानुप्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया। चिकित्सकों ने बताया कि रामदेव दरपट्टी को चोट अधिक आई है, जिसके चलते प्राथमिक ईलाज के उपरांत जिला अस्पताल कांकेर रिफर किया गया वहीं दूसरे घायल तिलकराम को मामूली चोट आने के चलते उनका ईलाज करके उनको घर भेज दिया गया। दोनो घायलों के अस्पताल जाने के चलते समाचार लिखे जाने तक एफआईआर दर्ज नहीं हो पाई, वहीं पुलिस ने घटना की बारे में विस्तृत जानकारी जुटा लिया है।


## जंगली हाथी ने बारकोट में दो घरों को पहुंचाया नुकसान, आतंक जारी



**पखांजूर।** पखांजूर में जंगली हाथी का अतांक जारी है। वन विभाग के अनुसार एक अकेला नर हाथी बारकोट क्षेत्र में देखा गया है। हाथी के हमले में किसी भी तरह की फसल या जनहानि की खबर नहीं है, लेकिन दो मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। बारकोट निवासी नाम दसरू नेताम और दसरू ध्रुवा के घर को जंगली हाथी ने क्षतिग्रस्त कर दिया। परिक्षेत्र अधिकारी देवदत्त ताराम ने बताया विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त मकानों की जांच कर हर्जाना दिया जाएगा और जिन किसानों के खेतों को नुकसान हुआ है उनको भी विभाग हर्जाना दिया जाएगा। वन विभाग की टीम लगातार हाथी की गतिविधियों पर नजर रख रही है। वन अधिकारियों ने ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए कहा है। बारकोट, पितेचूर दो ड गे झो रा, किर्गलमशपी और हिदूर, ब्रहिबेडा गांवों के लिए अलर्ट जारी किया गया है। ग्रामीणों को रात में अनावश्यक आवागमन न करने और हाथी के दिखाई देने पर तुरंत वन विभाग से संपर्क करने की सलाह दी गई है। वन विभाग की टीम ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और आगे के नुकसान को रोकने के लिए काम कर रहे हैं।

## भैसाकान्हार हाईस्कूल में गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य पर उठे सवाल, लापरवाही हुई उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



भानुप्रतापपुर विकासखंड के भैसाकान्हार हाई स्कूल में भवन निर्माण को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। वर्तमान में यह स्कूल मुख्य मार्ग स्थित एसएसबी कैंप के खाली बैरकों में संचालित हो रहा है। छात्रों के लिए पहले से पर्याप्त कक्ष उपलब्ध होने के बावजूद शिक्षा विभाग ने अतिरिक्त भवन निर्माण की स्वीकृति दे दी है, जहाँ निर्माण कार्य में भारी लापरवाही सामने आई है। भैसाकान्हार हाई स्कूल में भवन निर्माण में लापरवाही उजागर हुई है। भवन निर्माण में नींव में ही दरारें दिखाई दे रही हैं और कॉलम में मानक अनुसार सामग्री का उपयोग नहीं किया गया है। भवन का आधार कमजोर होने से उसकी मजबूती पर प्रश्नचिह्न लग गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले से ही कई स्कूल भवन जर्जर हालत में है और यदि नए भवन भी लापरवाही से तैयार होंगे तो वे लंबे समय तक टिक नहीं पाएंगे, जिससे शिक्षा व्यवस्था प्रभावित होगी। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी हाई स्कूल भैसाकान्हार के प्राचार्य राजकुमारी सलाम को दी गई है। प्राचार्य का कहना है कि स्कूल में पर्याप्त कमरे पहले से उपलब्ध है फिर भी अतिरिक्त कक्ष निर्माण की स्वीकृति मिल गई ▶▶| शेष पेज 10 पर

## दुर्गूकोंदल की जनपद की सभा में विभागों की गुणवत्ता पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के जनपद सभा कक्ष में सामान्य सभा का आयोजन किया गया। सामान्य सभा में विभाग वार योजनाओं की जानकारी के संबंध में चर्चा किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे ने विकासखंड के अंतर्गत विभिन्न कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि जनपद पंचायत के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। वहीं अधूरे कार्यों को पूरा करने की बात की गई। सामान्य सभा की बैठक में सभी विभागों की गुणवत्ता पर चर्चा की गई, जिसमें वन विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं राजस्व विभाग की उपस्थिति नहीं होने के कारण जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों के द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को फटकार करते हुए कहा कि जो विभाग के कर्मचारी उपस्थित नहीं है वह सरकार की कार्यों में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी को समझाइस दिया गया है कि सरकारी योजनाओं को तत्काल संपन्न करे। सभा में जनपद अध्यक्ष गोपी ▶▶| शेष पेज 10 पर

## ऐसेबेड़ा तालाब का बांध फूटा लाखों की मछली बही



**पखांजुर।** ऐसेबेड़ा तालाब का बांध टूटने से लाखों रुपये की मछलियाँ पानी के साथ बह गईं। ऐसेबेड़ा गांव में स्थित एक विशाल तालाब का बांध टूट गया, जिससे न केवल किसानों को भारी नुकसान हुआ, बल्कि घंटो तक आवागमन बाधित रही। ग्रामीणों ने बताया कि बांध टूटने से तालाब का सारा पानी तेजी से बाहर निकल गया व तालाब में लाखों रुपये की मछलियां थीं, जो पानी के तेज बहाव में बह गईं, जिससे मछली पालकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। तालाब का बांध टूटने से पखांजुर संगम जाने वाली सड़क पूरी तरह से बंद रहा। यह घटना साप्ताहिक बाजार के दिन हुई, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में शिक्षा का महत्व किया उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हरनगढ़ में गुरुवार को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को सशक्त बनाना और समाज में बालिकाओं के महत्व को उजागर करना था। कार्यक्रम की शुरुआत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्कूली छात्राओं द्वारा निकाली गई, जिसमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे गूंजे। रैली के बाद स्कूल परिसर में निबंध, वाद-विवाद, रंगोली और गीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। रंगोली प्रतियोगिता में हिंदी माध्यम की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अंग्रेजी माध्यम की टीमों ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल ▶▶| शेष पेज 10 पर

## दो चचेरे भाइयों ने ट्रक को बेचने के चक्कर में की चोरी एवं ट्रक के फंसने से योजना हुई फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- कोरर पुलिस ने ट्रक चोरी करने वालों को 6 घंटे के अंदर दबोचा, भेजा जेल



कोदागांव से ट्रक की चोरी करने वाले तीन चोरो ने ट्रक को बेचने की योजना बनाई, परंतु ट्रक केशकाल से विश्रामपुरी मार्ग पर कोहकामेटा में फंस गया। फंसा ट्रक नहीं निकल पा रहा था, वहीं कोरर पुलिस में शिकायत आते ही पुलिस सक्रिय हुई और चोरों को ट्रक के साथ कोदाभाट से दबोचा और शिकायत के 6 घंटे के अंदर चोर को दबोचा और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। कोरर थाना में शिकायत करने पहुँचे कोदागांव निवासी 32 वर्षीय दुर्गेश तेता पिता देव सिंह तेता ने कोरर पुलिस को 20 अगस्त को बताया कि छाटेडोंगर माईंस नारायणपुर से 17 अगस्त को 3 बजे ट्रक में लौह अयस्क लोड कर रायपुर छोड़ने गया था। ट्रक खाली होने के बाद 19 अगस्त को सुबह करीबन 8 बजे ग्राम कोदागांव पहुंचकर तालाब के किनारे ट्रक खड़ाकर ट्रक ▶▶| शेष पेज 10 पर

## अमवस्या 23 अगस्त को मनाया जाएगा पोला का पर्व

# तीजा-पोरा की तैयारी, मिट्टी के खिलौने एवं बैलों का बाजार सजा, बच्चों में उत्साह, ग्राहकी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



नादिया बैल 100 से लेकर 200 रुपए में बिक रहे

प्रदेश सहित कांकेर जिले में पोला पर्व को मनाने के लिए तैयारी दो दिन पहले से तैयारी शुरू हो गए है। पोला पर्व पर मिट्टी से बने हुए नदिया बैल का बाजार कांकेर में सज गया है और लोग खरीदी कर रहे है। नदिया बैल को लेकर खासकर बच्चों में ज्यादा उत्साह देखने को मिल रहा है। नदिया बैल को बनाने वाले कुम्हारों के चेहरे भी खिले नजर आ रहे हैं। नदिया बैल जहाँ 100 से लेकर 200 रूपएं में बिक रहे है। छत्तीसगढ़ का प्रमुख त्योहारों में से एक पोला त्योहार है। इसकी तैयारी शुरु हो चुकी है। छत्तीसगढ़ में पोला त्योहार हरेली के बाद आने वाला द्वितीय स्थान का त्योहार है। पोला त्योहार भाद्र माह की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है, जो कि इस बार शनिवार 23 अगस्त को मनाया जाएगा। किसान का परम मित्र बैल है, जो कृषि कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिसके कारण किसान उनके सम्मान में इस त्योहार को मनाते है। इस दिन अपने बैलों की पूजा करते है एवं अन्न ▶▶| शेष पेज 10 पर

**अन्नमाता का सम्मान**

मान्यता है कि पोला के दिन अन्नमाता (धरती माता) गर्भ धारण करती हैं, और यह पर्व खेती और कृषि की उन्नति के लिए आशीर्वाद प्राप्त करने का भी एक तरीका है। यह पर्व किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए खास होता है, क्योंकि वे अपने बैलों को खेतों में उनके अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद देते है। कुछ जगहों प, बैलों की पूजा के साथ-साथ देवी-देवताओं और पारंपरिक देवताओं को मिट्टी के बैल चढ़ाकर पूजा करने की भी परंपरा हैं।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### पेयजल आपूर्ति की मांग, सौंपा ज्ञापन

**नरहरपुर।** विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत पिछले दो वर्षों से अधूरा कार्य को लेकर जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष संदीप कुंजाम के द्वारा सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड को ज्ञापन सौपा है। जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष ने बताया कि विकासखंड नरहरपुर के लगभग 25 ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य अधूरा होने को लेकर क्षेत्रवासी परेशान है। संघ के अध्यक्ष ने 10 दिवस के अंदर कार्य प्रारंभ की मांग की है। कार्य प्रारंभ नहीं करने पर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आज हड़ताल पर रहेंगे

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन रायपुर के आव्हान पर 22 अगस्त को एक दिवसीय हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया है। विकास खंड दुर्गूकोदल के छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक बाबूलाल कोमरे ने बताया है कि उक्त दिवस को छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन 11 सूत्रीय मांगों को लेकर विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारी हड़ताल में रहेगें और सायं 4 बजे मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को सौपेंगे।

### संविदा पदों पर भर्ती की अंतिम चयन सूची जारी

**कांकेर।** जिला पंचायत कांकेर अंतर्गत एनआरएलएम के रिक्त पदों पर संविदा भर्ती के लिए अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन एवं कौशल परीक्षा पश्चात अंतिम चयन सूची जारी कर दी गई है। जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने बताया कि विभिन्न पदों के लिए अंतिम पात्र सूची के अभ्यर्थियों में से 61 अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन एवं 26 अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के लिए आमंत्रित किया गया था। बुलाए गए कुल 61 अभ्यर्थियों में से 36 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। उपस्थित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन, कौशल परीक्षा, साक्षात्कार उपरांत अंतिम प्रावीण्य सूची, चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन किया गया है।

### लैटरल एंट्री के माध्यम से दिया जाएगा प्रवेश

**कांकेर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि कक्षा 11 वीं में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय लामकन्हार अंतागढ़ में बालक वर्ग में गणित, वाणिज्य संकाय में 14 सीट, कांकेर में विज्ञान, गणित में 07 सीट बालक तथा नरहरपुर में कन्या के लिए विज्ञान एवं गणित 18 सीटों, फरसकोट भानुप्रतापपुर में बालक के लिए विज्ञान, गणित के 11 सीट एवं 04 सीट कला तथा कन्या के लिए विज्ञान, गणित के 13 सीट कन्या और 05 सीट कला पर, दूर्गूकोंदल में बालक के लिए विज्ञान के 11 सीट, वाणिज्य के 08 सीट एवं कला के 13 सीट तथा कन्या हेतु 02 सीट विज्ञान, 11 सीट वाणिज्य और 10 सीट कला संकाय के रिक्त सीटों पर लैटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा।

### हड़ताल को लेकर कर्मियों ने भरी हुंकार

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर मोदी की गारंटी पूरी करने को लेकर कलम रख मशाल उठा आंदोलन के दूसरे चरण में 22 अगस्त को एक दिवसीय सामूहिक हड़ताल कर रहे हैं। हड़ताल के दबाव को देखते हुए कल ही सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों को 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता वृद्धि की घोषणा की गई। जिसे लेकर कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है।

**योजना :** भारी-भरकम बिल के भुगतान की जगह निःशुल्क बिजली मिल रही

# घर की छत पर बिजली का उत्पादन पीएम सूर्यघर बिजली योजना से बचत की बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से बिजली उपभोक्ताओं को आशातीत राहत मिल रही है। एक ओर जहां खुद के द्वारा उत्पादित बिजली से उपभोक्ताओं में आत्मनिर्भरता आई है, वहीं दूसरी तरफ बिल के भुगतान में क्रांतिकारी बदलाव आया है। कई उपभोक्ताओं का बिजली बिल अब शून्य अर्थात जीरो आ रहा है, जिससे वे आश्चर्य मिश्रित उत्साहित भी हो रहे हैं। इस योजना से निश्चित तौर पर उपभोक्ताओं की बचत की बौछार हो रही है।

शहर के एक ऐसे ही उपभोक्ता कारोबारी मनोज बुधवानी के बिजली का बिल पिछले पांच माह से शून्य आ रहा है, जिसके चलते वे अब भारी-भरकम बिल का भुगतान करने की जगह निःशुल्क बिजली प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के बारे में जानकारी मिलने पर तत्काल इसके लिए आवेदन किया। उन्होंने बताया कि विद्युत की खपत अनुरूप तीन अपने ठेलकाबोड़ एकतानगर स्थित अपने निवास की छत पर किलोवॉट रूफटॉप सोलर सिस्टम इंस्टाल कराया। इसके लिए उन्हें केन्द्र सरकार से 78 हजार रूपए की सब्सिडी भी मिली। इस योजना के हितग्राही उनके घर का विद्युत का औसतन बिल तीन से साढ़े तीन हजार के बीच प्रतिमाह आता था। यह भी बताया कि सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत इंस्टालेशन के पहले अगस्त 2024 में 3120 रूपए के बिजली बिल का भुगतान किया। इसके बाद क्रमशः सितम्बर 24 में 1810 रूपए, अक्टूबर में 2020, नवम्बर में 990 तथा जनवरी 2025 में 230 रूपए का बिल आया। तत्पश्चात माह फरवरी 2025 से अब तक बिजली बिल लगातार शून्य यानी जीरो आया, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली है। मेडिकल कारोबारी ने बताया कि अब तो प्रदेश सरकार द्वारा भी इस योजना में 30 हजार रूपए की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इस प्रकार सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना विद्युत उपभोक्ताओं के घर में खुशहाली बिखेर रही है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह योजना विद्युत के मामले में न सिर्फ आत्मनिर्भरता प्रदान करती है, बल्कि बड़े पैमाने पर आर्थिक सुरक्षा भी मिल रही है।

# परलकोट जलाशय के ओवरफ्लो प्वाइंट में सुरक्षा के लिहाज से बैरिकेड्स लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

जल संसाधन विभाग ने परलकोट जलाशय के ओवरफ्लो पॉइंट पर सुरक्षा के लिए बैरिकेड्स लगाकर एक सराहनीय कदम उठाया है। विभाग का यह निर्णय विशेषकर ओवरफ्लो के दौरान संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से लिया गया है। इस पहल की स्थानीय ग्रामीणों ने खूब सराहना की है।

परलकोट जलाशय कापसी क्षेत्र का एक प्रमुख जल स्रोत है। भारी बारिश के कारण जब भी जलाशय का जलस्तर बढ़ता है तो ओवरफ्लो पॉइंट से पानी बहने लगता है। पहले इस स्थान पर कोई सुरक्षा उपाय नहीं होने के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता था। कई बार लोगों ने यहां लापरवाही के चलते जोखिम उठाया है, जिससे जानमाल का खतरा पैदा हो जाता था। किंतु इस वर्ष जल संसाधन विभाग ने शुरू से ही सुरक्षा की को ध्यान में रखते हुए बेरीकट लगाया गया है। जलाशय बांध ऊपर दो पहिया चार पहिया वाहनों का प्रवेश निषेध कर दिया गया है। ओवरफ्लो पॉइंट के चारों ओर




मजबूत बैरिकेड्स लगा दिए हैं। इन बैरिकेड्स से अब कोई भी व्यक्ति आसानी से उस स्थान तक नहीं जा पाएगा जहां पानी का बहाव तेज होता है। स्थानीय निवासियों और जनप्रतिनिधियों ने विभाग के इस कार्य की प्रशंसा की है। उन्होंने बताया मानसून के समय हजारों लोग ओवरफ्लो देखने आते हैं और अनजाने में खतरे के करीब चले जाते हैं। बैरिकेड्स लगने से अब ऐसी घटनाएं नहीं होंगी। प्रशासन ने उनकी सुरक्षा को गंभीरता से लिया है। यह पहल न केवल दुर्घटनाओं को रोकेगी, बल्कि लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगी। यह कदम दर्शाता है कि प्रशासन जनता की सुरक्षा को लेकर गंभीर है और ऐसे प्रयास आगे भी जारी रखने चाहिए।

# हानपतरी की सात छात्राओं को दी निःशुल्क साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत हानपतरी के हाई हाईस्कूल हानपतरी में सरस्वती योजना अंतर्गत निःशुल्क साइकिल का वितरण कक्षा नवमी में अध्ययन सात बालिकाओं को वितरण किया गया। सभी बालिकाओं को अतिथियों के द्वारा नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए कहा तथा समय पर स्कूल आए और शिक्षा के प्रति विशेष रूप से ध्यान देने और आगे बढ़े कहा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष व आदिम जाति सहकारी समिति अध्यक्ष जोहन गवाड़े ने कहा कि प्रदेश सरकार की सरस्वती साइकिल योजना महत्वाकांक्षी योजना है जो की सरकार के द्वारा इस योजना के माध्यम से छात्राओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने और उनकी सुविधा के लिए साइकिल प्रदान कर रही है। राज्य की सरकार बालिका शिक्षा को विशेष रूप से आगे बढ़ाने के लिए यहां महत्वाकांक्षी योजना प्रारंभ की गई है। संस्था के प्राचार्य शिवलाल कोमरे ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जिसका उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और उनकी सुविधा के लिए साइकिल प्रदान करना। इस योजना का मुख्य उद्देश्य छात्रों के शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें स्कूलों में नियमित रूप से उपस्थित रहने के लिए जिससे दूर के बच्चों को स्कूल आसानी से आने जाने में सुविधा पहुंच सके। इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक देवलाल उयके, व्याख्याता गजेंद्र शांडिल्य, हीरा कंवर, पवन कुमार वैद्य, दाऊराम रावटे, लता ध्रुव एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं छात्राएं उपस्थित रहे।

### मेडो स्कूल की छात्राओं को मिली निशुल्क साइकिल

**दुर्गुकोंदल।** शाउमावि मेडो में सरस्वती योजना अंतर्गत निःशुल्क सायकल का वितरण किया गया। शिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत 13 बालिकाओं को निःशुल्क सायकल वितरित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच रामशिला कोमरा ने सभी बालिकाओं से निवेदन किया कि आप सभी नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए सायकल का प्रयोग करे तथा समय से स्कूल आए।



प्राचार्य हेमंत कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सरस्वती सायकल योजना एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और उनकी सुविधा के लिए साइकिल प्रदान करना है। इस अवसर पर अध्यक्ष शाला प्रबंधन और विकास समिति प्यारे लाल कोमरा, सदस्य भगवानी राम सिन्हा, रमेश दुग्गा, उप सरपंच छवि लाल दुग्गा एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एनएचएम कर्मचारियों की बेमियादी हड़ताल जारी स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल लगातार तेज होती जा रही है। भानुप्रतापपुर और दुर्गुकोंदल के एनएचएम कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार 18 अगस्त से भानुप्रतापपुर स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के सामने धरना-प्रदर्शन पर बैठे हैं। एनएचएम के कर्मचारियों के हड़ताल के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर प्राथमिक उपचार केंद्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो गई हैं। ग्रामीण इलाकों से अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को दवा और उपचार के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवाएं ठप होने की कगार पर पहुंच चुकी हैं।

गुरुवार को प्रदर्शन के दौरान एनएचएम कर्मचारियों ने विरोध जताने का अनोखा तरीका अपनाया। उन्होंने प्रदेश में संचालित सुविधा व्यवस्था की प्रतीकात्मक संविधा प्रथा कि शव यात्रा निकाली। कर्मचारी अर्थी बनाकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे और संविधा प्रथा कि शव यात्रा निकालकर शासन-प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जताया। हम अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। अस्पताल में आने वाले मरीजों को जो परेशानी हो रही है, उसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की है। बीते 20 वर्षों से हम अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। हमारी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ रही है और मजबूरी में हमें हड़ताल करनी पड़ रही है। सरकार ने जो वादा किया था, उसे पूरा किया जाए यही हमारी मांग है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# हाईस्कूल ऑवरी में बेटी बचाओ बेटी पढाओ कार्यक्रम आयोजित

**चारामा।** छग के रजत जंयती के अवसर पर शासन की महत्वपुर्ण योजना बेटी बचाओं, बेटी पढाओं को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा शासकीय हाईस्कुल ऑवरी में महिलाओं एवं स्कुली छात्राओं के लिए कार्यकम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राम में बेटी बचाओ बेटी पढाओ के उद्देश्य को लेकर जन जागरूकता रैली निकाली गई। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य अमिता बंजारे, ऑवरी



ऑगनबाडी कार्यकर्ता गायत्री बघेल, कंडेल कार्यकर्ता दुवानी मरकाम, मुडखुसरा कार्यकर्ता अमरोतिन बंछोर, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक संगीता पोया के द्वारा शासन की सुचिता योजना बाल विवाह, भ्रुण हत्या, बेटी बचाओ, बेटी पढाओ, रेडी टु ईट, महिला हिंसा, महिला कानून, लिंग अनुपात, गुड टच बेड टच सहित कानूनी जानकारी नियमों एवं अधिकारी की जानकारी सहित महिलाओं एंव युवत्तियों से सम्बधित रोग एंव उनके उपाय की जनकारी दी गई। इस आयोजन में संस्था के प्राचार्य रजभान सिंह कोर्राम, शिक्षिका मीना नाग, वीणा गोटी, कुमुनेश्वरी तारम, पुर्णिमा देवांगन सहित ग्रामीण महिलाएँ व स्कुली छात्राएँ उपस्थित रही।

# आदर्श महाविद्यालय में दीक्षारंभ संस्कार कार्यक्रम में छात्रों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में 21 अगस्त को दीक्षारंभ संस्कार मुख्य अतिथि शिवनगर पार्षद शकुन्तला जैन, विशिष्ट अतिथि सहायक प्राध्यापक विधि विजय कुमार बेसरा एवं प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल ने माता सरस्वती की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया।

आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों ने नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। प्राचार्य ने संबोधित करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य व सार्थकता को स्पष्ट किया। मुख्य अतिथि पार्षद शकुन्तला जैन ने अपने लक्ष्य पर ध्यान रखते हुए सामाजिक व राष्ट्रीय दायित्व निभाने के लिए बच्चों से आव्हान किया। सहायक प्राध्यापक विजय कुमार बेसरा ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को दीक्षारंभ संस्कार व व्यास पूजा के महत्व को स्पष्ट करते हुए उसे विस्तार से समझाया किस प्रकार चाणक्य ने चंद्रगुत्त मौर्य तैयार कर भारतीय इतिहास में नया मोड़ लाया और वेद का महत्व, भारतीयता की शान, गुरू शिष्य के संबंधो का सामाजिक महत्व स्पष्ट करते हुये व्यास पूजा की सार्थकता बतायी। न्यू ऐजुकेशन पॉलिसी की सार्थकता बताते हुए इस छात्र हित में सार्थक बताया। आर्यभट्ट के द्वारा की गई शून्य के खोज की सार्थकता, पुष्पक विमान के निर्माण की चेतना, हमारी पौराणिक धरोहर विज्ञान में, आयुर्वेद में, योग के क्षेत्र में एवं अन्य सभी क्षेत्रों में भारत के स्थान को सभी के समक्ष रखा एवं दृढ़ संकल्प के साथ छात्र-छात्राओं को लक्ष्य प्राप्ति हेतु सजग रहने की शिक्षा दी। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका जायसवाल ने किया तथा आभार प्रदर्शन खिलेश्वर कोसमा ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ व छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दी।

# हाटकर्रा हेल्थ कैंप में 83 महिलाओं का परीक्षण करके दवाइयां दी गई

**कोरर।** छत्तीसगढ़ राज्य बनने के 25 वर्ष पूर्ण होन पर रजत जयंती के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हाटकर्रा में हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें 83 महिलाओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जाना है, जिसके अंतर्गत समस्त विभागों को दो चरणों में जिसमें प्रथम चरण में 15 अगस्त से 31 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हाटकर्रा में हेल्थ कैंप का आयोजन महिला बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक अनुसूईया साहू के द्वारा कराया गया, जिसमें डॉ. देव कुमार साहू एवं डॉ. मेदनी अवस्थी द्वारा सेक्टर अंतर्गत विभिन्न ग्राम से आए हुए 83 किशोरी बालिका एवं महतारी वंदन के हितग्राहियों का स्वास्थ्य जांच बीपी शुगर, सिकलिन, हीमोग्लोबिन जांच करके दवाई दिया गया। स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा दी गई।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### शासकीय स्कूल में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**पखांजूर।** शासकीय प्राथमिक शाला पीवी 30 में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा में आकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में गांव की महिलाओं और लड़कियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे पूरे गांव में खुशी और उत्साह का माहौल था। प्रधान अध्यापक गणेश दास ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाते हैं। इस बार के कार्यक्रम में राधा-कृष्ण और हांडी फोड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। श्रीकृष्ण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्वेता बाला, राधा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंशिका मिस्त्री एवं हांडी फोड़ प्रतियोगिता में अंजलि कश्यप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम के आयोजन में प्रधान अध्यापक गणेश दास, सहायक शिक्षक गुरुदास बैनर्जी, अजित मंडल, ग्राम प्रमुख आनंद मिस्त्री, विष्णु दास, प्रीतीष पाल, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महानंद बिस्वास, शिवानी बाला, रूबी पाल और निर्णायक मंडल में झिलीक बिस्वास, प्रिया मिस्त्री, धीमान मंडल सहित का योगदान रहा।



By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक: 06 सितंबर 2025, 19 सितंबर 2025, 05 अक्टूबर 2025, 08 नवंबर 2025, 07 दिसंबर 2025, 20 दिसंबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)



नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंठ, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक: 11 सितंबर 2025, 03 अक्टूबर 2025, 09 नवंबर 2025, 18 दिसंबर 2025, 24 दिसंबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)